# बिहार सरकार
## सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग

### निविदा आमंत्रण सूचना

**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1. कार्यो की विवरणी:–बिहार सरकार के विकास कार्यक्रमों/कल्याणकारी योजनाओं एवं अभियान से संबंधित कॉफी टेबुल बुक का मुद्रण संबंधी समस्त कार्य।

2. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| | |
|---|---|
| i. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक:– 24-04-25 |
| ii. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक:–15.05.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक।<br>(सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| iii. निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक:–16.05.2025 समय 11:00 बजे पूर्वाहन।<br>(सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| iv. निविदा खोलने का स्थान | सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर । |
| v. निविदा की वैधता अवधि | 120 दिन |

3. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा।
4. विस्तृत जानकारी सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के वेवसाइट:–state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखा जा सकता है।

24/04/25

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

दिव्या

**बिहार सरकार**

**सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग**

# पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1. कार्यों की विवरणी:–

| क्रमांक | कार्य का नाम | विशिष्टियाँ | | संख्या | दर प्रति इकाई सभी कर एवं खर्च सहित | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉफी टेबुल बुक का मुद्रण | Size | Crown ¼ | 500 | | |
| | | Text Page | 90 GSM Art Paper | | | |
| | | Text Colour | 4 Colour with Silk Coating | | | |
| | | Cover | SBS Board 320 GSM Matt Lamination Multi Colour Printing | | | |
| | | No. of Page | 175 | | | |
| | | Binding | Section Swing & Perfect glue Binding | | | |

2. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| | |
|---|---|
| i. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक:–24/04/25 |
| vi. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक:–15.05.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| ii. निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक:–16.05.2025 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| iii. निविदा खोलने का स्थान | सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| iv. निविदा की वैधता अवधि | 120 दिन |
| v. अग्रधन राशि | 1,00,000/– (एक लाख) रुपये का ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी/आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है। |
| vi. सम्पर्क पदाधिकारी | श्री रवि भूषण सहाय, संयुक्त निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, प्रथम तल, सूचना भवन, नेहरू पथ, पटना–800015 (बिहार)। |

3. ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निविदादाता को eproc-2 के साथ निबंधन कराना होगा, वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें User ID तथा Password मिलेगा। निविदादाता को DSC (Digital Signature Certificates) भी प्राप्त करना होगा। User ID, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा को केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा।
5. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाईट पर ही निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र की जानकारी वेबसाईट से प्राप्त होगी।
6. (i) e-proc 2.0 प्रणाली के तहत् मात्र online विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जायेगें यदि किसी निविदादाता के द्वारा भौतिक रूप से EMD जमा किया जाना आवश्यक हो तो मात्र B.G (Bank Guarantee) ही स्वीकार किया जायेगा, निविदादाता निविदा कागजात के साथ B.G को Scan कर अपलोड करेंगे तथा B.G भौतिक रूप से संबंधित कार्यालय में जमा करेगें जो निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के नाम से वाणिज्यिक Schedule बैंक से निर्गत होना आवश्यक है (BG का निर्गमन तिथि निविदा प्रकाशन के बाद की होनी चाहिए), इस प्रणाली के तहत बैंक गारण्टी के सत्यापन की व्यवस्था होगी।

(ii) निविदादाता द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार का सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

(iii) बिड प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी/आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

आवश्यक ऑनलाईन भुगतान के साथ बिड, इस निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित तिथि एवं समय से पहले, ई–प्रोक्योरमेण्ट पोर्टल www.eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड किया जाना आवश्यक है।

विलम्ब/निविदा दाखिल (Submit) नहीं होने/ऑनलाइन भुगतान के रि–कॉन्सिलिएशन (Reconciliation) नहीं होने की स्थिति के लिए विभाग की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

7. निविदादाता स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध (Indexing)करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ट संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी अभिलेख पीडीएफ (Pdf), एमएस वर्ड (MS Word), कम्पेटीबिलिटी मोड (Compatibility Mode), जेपीईजी फॉरमेट (JPEG Format) में ही अपलोड किये जाए, अन्य फारमेट (Format) में अपलोड डॉक्यूमेंटस के डाउनलोड/ओपेन नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
8. निविदादाता की यह जवाबदेही है कि वे स्कैन कर अपलोड किए गये कागजातों की डाउनलोडेबिलिटी/विजिबिलिटी (Downloadability/ visibility) के संबंध में पूर्ण रूपेण संतुष्ट हो लेंगे।
9. इन्टरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने से संबंधित कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। अतः निविदादाताों को चाहिए कि अंतिम समय के पूर्व ही कठिनाइयों से बचने हेतु बिड को अपलोड कर लें।
10. बिड प्राप्त करने की अंतिम निर्धारित तिथि को 12.00 बजे रात्रि से निविदा डालने के निर्धारित समय के पूर्व यदि www.eproc2.bihar.gov.in का लगातार 2 घंटे से अधिक समय के लिए सर्वर डाउन होने की स्थिति में निविदा डालने की तिथि स्वतः अगले दिन के लिए निर्धारित समय तक विस्तारित हो जाएगी।
11. किसी भी प्रकार के शुद्धि–पत्र को वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताए निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
12. (i) राज्य सरकार के किसी विभाग या संस्थान में किसी भी श्रेणी में काली सूची में डाले गये अथवा कार्यो से वंचित (debarred) निविदादाता इस निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे।
    (ii) निविदा सूचना की अन्य सभी शर्तो को पूरा करने के बावजूद, कोई निविदादाता निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होगें यदि निविदादाता के द्वारा किसी निर्धारित प्रपत्र, विवरणी, शपथ पत्र या योग्यता प्रमाण पत्र के रूप में समर्पित किसी कागजात या दस्तावेज में गलत या गुमराह करने वाला तथ्य समर्पित किया गया हो।

**तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किये जाने वाले काजगजातः–**

13. निविदा दर प्रस्ताव के साथ तकनीकी बीड में एक पृथक पृष्ठ (चेकलिस्ट) पर निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों/वांछित सूचनाओं पृष्ठ संख्या के साथ अंकित करते हुए अपलोड किया जाना है। निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड में समस्त प्रमाण पत्रों को स्वयं प्रमाणित करके अपलोड करना अनिवार्य है।
    (i) **अग्रधन–**1,00,000/– (एक लाख) रुपये का ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी/आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

    बेबसाईट पर टेंडर में निविदा प्रपत्र उपलब्ध है। ई–निविदा प्रपत्र में दर्शाये गये स्वरूप में ही अग्रधन की राशि स्वीकार होगी। अग्रधन के रूप में जमा किए जाने योग्य Bank Guarantee (B.G.) की मूल प्रति सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय में दिनांक–.......................(निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले कार्य दिवस) के 04:00 बजे अपराहन् तक जमा किया जाना है। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।
    (ii) अग्रधन की राशि पर कोई सूद देय नहीं होगा।
    (iii) निम्नांकित मामलों में अग्रधन की राशि जब्त की जा सकेगीः–
        a. निविदा की अंतिम तिथि के उपरांत निविदा वापस लेने की स्थिति में।
        b. सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यादेश स्वीकार नहीं किये जाने की स्थिति में।
        c. यदि निविदादाता द्वारा निविदा में कोई गलत सूचना दी जाती है।
    (iv) साझेदारी फर्म/कम्पनी के मामले में डीड एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसियेशन की छाया प्रति।
    (v) निविदादाता का प्रेस/फर्म जी0एस0टी0 के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिए। जी0एस0टी0 से संबंधित निबंधित होने का प्रमाण पत्र तथा अद्यतन जी0एस0टी0 जमा करने का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा
    (vi) निविदादाता का फर्म SSI/एम0एस0एम0ई0 (उद्यम)/सक्षम प्राधिकार द्वारा मुद्रक के रूप में निबंधित होना चाहिए एवं तत्संबंधी नियमानुसार निर्गत वैध प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड करना होगा।
    (vii) निविदादाता को राज्य सरकार/सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी वैध श्रम अनुज्ञप्ति धारक होने का प्रमाण अपलोड करना होगा।
    (viii) निविदादाता प्रेस को किसी भी सरकारी विभाग/अर्द्धसरकारी संस्थान, निगम, निकाय, समिति द्वारा काली सूची में दर्ज नही होने एवं किसी भी तरह के केस–मुकदमे में लिप्त/लंबित न होने से संबंधित नोटराईज्ड शपथ–पत्र (शपथ–पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का) अपलोड करना होगा। घोषणा का शपथ पत्र :–

**''मैं अद्योहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरों में नाम)................................................ सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी श्री ............................................शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि :–**

**(क) मेरे/हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।**

**(ख) मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा डीबार (Debar), ब्लैकलिस्टेड (Blacklisted) अथवा विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर रिसाइन्ड (Rescind) नहीं किया गया है।**

**(ग) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण–पत्र, कागजात, विवरणी सत्य हैं।**

**उपर्युक्त कंडिका 'क' एवं 'ख' में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका 'ग' मे से कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार, मेरे/हमारे ऊपर विधि सम्मत दण्ड, मेरे/हमारे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होंगे।''**

(ix) विगत तीन वर्षों (वर्ष–2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) का आयकर रिटर्न तथा पैन कार्ड की छायाप्रति अपलोड करना होगा।

(x) निविदादाता का टर्नओवर विगत तीन वर्षों में कम–से–कम ₹1,00,00,000/– (एक करोड़) रुपये प्रति वर्ष होना चाहिए। इससे संबंधित प्रमाण पत्र स्वरूप विगत तीन वर्षों (वर्ष–2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) की अंकेक्षित बैलेंस सीट के साथ अपलोड करना होगा।

(xi) कॉफी टेबुल बुक मुद्रण कार्य के प्रकाशन का पिछले तीन वर्षो का अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड करना होगा।

14. **भौतिक रूप से कार्यालय में समर्पित किये जाने वाले कागजात/सामग्री–**

(i) काफी टेबुल बुक के कवर एवं टेक्स्ट भाग में प्रयुक्त होने वाले ग्रेड 'ए' मिल के कागज का नमूना (उत्पादक कंपनी के नाम तथा विशिष्टियों के साथ)।

(ii) मुद्रित किये गये काफी टेबुल बुक/अन्य मुद्रण सामग्री जिससे संबंधित प्रमाण पत्र अपलोड किया गया है, उसका नमूना।

(iii) उक्त सामग्री निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं निर्धारित समय तक उपलब्ध कराना होगा।

15. **वित्तीय निविदा**

(i) वित्तीय निविदा में कॉफी टेबुल बुक (कवर एवं टेक्स्ट पेज) के लिए दर (सभी कर एवं खर्च सहित जो प्रभावी होगा) अनुलग्नक–II में विहित प्रपत्र में अंकित करना होगा।

16. **निविदा निष्पादन**

(i) उपर्युक्त कंडिका 13 के (i) से (xi) में से कोई कागजात eproc पर अपलोड (Upload) नहीं करने एवं कंडिका–14 का कागजात ससमय निर्धारित अवधि तक जमा नहीं करने की स्थिति में उनके तकनीकी बिड पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ii) निविदा समिति द्वारा (निविदा निष्पादन की प्रदत्त शक्ति के अन्तर्गत) अभिलेखों के जाँचोपरान्त निविदा का निष्पादन किया जायेगा।

(iii) निविदा खोलने के उपरान्त सफल न्यूनतम दरदाता/निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी।

(iv) निविदा में सफल एकाधिक निविदादाताो से उद्धृत दर समान होने पर लॉटरी (ड्रॉ ऑफ लॉटस) के आधार पर L1 का चयन किया जायेगा।

17. **अन्य शर्तें:–**

(i) चयनित न्यूनतम दर दाता को निर्धारित दर पर एक वर्ष के लिए सूचीबद्ध किया जायेगा।

(ii) कॉफी टेबुल बुक की निर्धारित प्रतियाँ मुद्रित होंगी। आवश्यकतानुसार कॉफी टेबुल बुक की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है, जो निविदादाता को मान्य होगा।

(iii) कॉफी टेबुल बुक की विशिष्टियाँ अनुलग्नक–I के अनुसार होगा।

(iv) कॉफी टेबुल बुक की पृष्ठों की संख्या में कमी या वृद्धि विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार की जा सकेगी एवं तदनुरूप बढ़े हुए पृष्ठों के लिए समानुपातिक रूप से निर्धारित दर का 80% की दर से विभाग भुगतान करेगा।

(v) विभाग द्वारा अंतिम रुप से अनुमोदित डमी प्राप्ति की तिथि से निर्धारित अवधि के अन्दर अचूक रुप सें कम्पोजिंग एवं मुद्रित कर विभागीय भंडार (प्रकाशन) में 10 (दस) (e-copy) सॉफ्ट कॉपी के साथ सुलभ कराना अनिवार्य होगा। कॉफी टेबुल बुक के उत्तम कम्पोजिंग, ले–आउट एवं मुद्रण का उत्तरदायित्व मुद्रक की होगी।

(vi) कॉफी टेबुल बुक के मुद्रण/प्रकाशन से संबंधित सभी कार्य को मुख्यालय स्तर पर संयुक्त निदेशक (प्रकाशन) के देख–रेख एवं मार्गदर्शन में निर्धारित समय में किया जायेगा।

(vii) तकनीकी निविदा में योग्य पाये गये मुद्रक ही वित्तीय निविदा में स्थान पा सकेंगें।

(viii) प्रक्रिया में वही फर्म/एजेंसी/संस्था भाग ले सकेंगी जो प्रचलित नियमों के अन्तर्गत पंजीकृत/नवीनीकृत हों तथा जिन्होंने तकनीकी निविदा प्रपत्र में लिखित सभी अभिलेखों/ प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति अपलोड की हो।

(ix) सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

(x) जिस निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी उसको कार्यादेश के पूर्व विभाग द्वारा निर्धारित अनुबन्ध कराना आवश्यक होगा। अनुबन्ध पर होने वाला व्यय निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।

(xi) सफल निविदादाता को छोड़कर बाकी अन्य सभी निविदादाताओं को अग्रधन की राशि कार्यादेश निर्गत होने के उपरांत वापस कर दी जायेगी।

(xii) जिस निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी उसको कार्यादेश के पूर्व विभाग द्वारा निर्धारित अनुबन्ध कराने हेतु सूचित किया जायेगा। अनुबन्ध पर होने वाला व्यय निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।

(xiii) कार्य आवंटन के पूर्व संबंधित एजेन्सी को अनुबंध पत्र के साथ निविदा की राशि का 5% Performance Security के रूप में एकरारनामा के साथ जमा करना होगा। बैंक गारंटी की वैधता कम–से–कम 01 वर्ष 02 माह होनी चाहिए, जो सफलतापूर्वक कार्य संपादन के पश्चात वापस कर दी जायेगी।

(xiv) सफल निविदादाता को अग्रधन की राशि अनुबंध के साथ Performance Security की राशि समर्पित करने के पश्चात् वापस कर दी जायेगी।

(xv) स्वीकृत निविदादाता को समस्त कार्य विभाग द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेशानुसार ही करना होगा। किसी प्रकार के छोटे–मोटे बदलाव के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

(xvi) मुद्रित सामग्री में प्रयुक्त कागज की गुणवत्ता की जाँच मान्यता प्राप्त संस्थान से करायी जायेगी।

(xvii) सामग्री की गुणवत्ता जाँच शुल्क का भुगतान संबंधित मुद्रण एजेन्सी द्वारा गुणवत्ता जाँच एजेन्सी को देय होगा।

(xviii) **संबंधित एजेंसी द्वारा मुद्रित सामग्री एवं इसकी e-copy (softcopy) तीन प्रति पेन ड्राईव में आपूर्ति विभागीय भंडार में करने के बाद विपत्र अनुमोदित डमी एवं संबंधित सामग्री के त्रुटि रहित होने के प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करने पर सामग्री में हुई त्रुटियो एवं विलंब होने की स्थिति में की जाने वाली कटौती के पश्चात 80% राशि का भुगतान किया जायेगा। 20% शेष राशि का भुगतान कागज की गुणवत्ता संबंधी जांच प्रतिवेदन में मानक के अनुरूप कागजात की गुणवत्ता पाये जाने की स्थिति में किया जाएगा।**

(xix) **भुगतान हेतु 80% एवं 20% का विपत्र अलग–अलग एक साथ समर्पित करना होगा।**

(xx) जांच प्रतिवेदन में मानक के अनुरूप कागजात की गुणवत्ता नहीं रहने की स्थिति में शेष भुगतेय राशि (20%) से निम्न दर के अनुसार राशि की कटौती की जाएगी:–

| मुद्रण में प्रयुक्त कागज की गुणवत्ता का प्रतिशत | विपत्र की कुल राशि मूल्य का (प्रतिशत दर) |
|---|---|
| Above 99% | 0% |
| 95% to 99% | 2.5% |
| 90% to 94.9% | 5% |
| 85% to 89-9% | 7.5% |
| 80% to 84.9% | 10% |
| Less than 80 | स्वतः शेष राशि का भुगतान नहीं होगा |

(xxi) सामान्यतः त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में अशुद्धि/त्रुटि/फोटो की अस्पष्टता होने पर प्रत्येक दृष्टांत पर 500/– (पांच सौ) रूपये की कटौती की जायेगी।

(xxii) निर्धारित अवधि के बाद विलम्ब से आपूर्ति होने की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी, जिसकी अवधि विशेष परिस्थिति में कार्यादेश में अंकित की जा सकती है।

| निर्धारित अवधि से विलंब में आपूर्ति होने पर | विलम्ब से आपूर्ति सामग्रियों की देय राशि पर कटौती की प्रतिशत दर |
|---|---|
| एक सप्ताह विलंब होने पर | 2 |
| दो सप्ताह विलंब होने पर | 5 |
| दो सप्ताह से अधिक विलंब होने पर | सामग्री प्राप्त नहीं की जायेगी एवं भुगतान का कोई दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही परफॉर्मेंस सेक्युरिटी को जब्त करते हुये एजेन्सी को काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी। |

(xxiii) उपर्युक्त सभी शर्तों एवं उपबंधों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा किसी एक भी शर्त/उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में उक्त निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

(xxiv) यदि इस विभाग के संज्ञान में संबंधित एजेन्सी द्वारा कार्य संपादन में कोई संगीनचूक होने या संबंधित एजेंसी द्वारा दायित्वों का निर्वहन नहीं करने से कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, या सफल निविदादाता द्वारा निविदा में निर्धारित शर्त्तों से विचलन की स्थिति में एजेन्सी का अनुबंध समाप्त कर

performance security के रूप में जमा राशि जब्त करने के साथ–साथ संबंधित एजेन्सी को काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

(xxv) निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत / रद्द / परिवर्तित करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

24/04/25.

निदेशक
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक:–पी0बी0 (3)–02 / 2025 1325 / सू0ज0स0वि0, बिहार, पटना, दिनांक– 24/04/25

प्रतिलिपि:–उप निदेशक (विज्ञापन), सू0ज0स0वि0, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित / संयुक्त निदेशक (प्रकाशन), सू0ज0स0वि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/04/25.

निदेशक

ज्ञापांक:–पी0बी0 (3)–02 / 2025 1325 / सू0ज0स0वि0, बिहार, पटना, दिनांक– 24/04/25

प्रतिलिपि:–आई0टी0 मैनेजर सू0ज0स0वि0, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/04/25

निदेशक

**अनुलग्नकः– I**

## कॉफी टेबुल की विशिष्टियाँ

| क्रमांक | कार्य का नाम | विशिष्टियाँ | |
|---|---|---|---|
| 1 | कॉफी टेबुल बुक का मुद्रण | Size | Crown ¼ |
| | | Text Page | 90 GSM Art Paper |
| | | Text Colour | 4 Colour with Silk Coating |
| | | Cover | SBS Board 320 GSM Matt Lamination Multi Colour Printing |
| | | No. of Page | 175 |
| | | Binding | Section Swing & Perfect glue Binding |

एजेन्सी का हस्ताक्षर मुहर सहित

**अनुलग्नकः–II**

# वित्तीय निविदा हेतु प्रपत्र

| क्रमांक | कॉफी टेबुल बुक की संख्या | पृष्ठों की संख्या | दर प्रति कॉफी टेबुल बुक (सभी कर एवं खर्च सहित) | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1–500 | 175 पृष्ठों तक | | |
| | | प्रति अतिरिक्त 16 पृष्ठों के लिए दर | | |
| 2 | 501–1000 | 175 पृष्ठों तक | | |
| | | प्रति अतिरिक्त 16 पृष्ठों के लिए दर | | |

एजेन्सी का हस्ताक्षर मुहर सहित